अखिल भारतीय प्रजापति (कुम्भकार) महासंघ (रजि.)

सिरसा हरियाणा में दिनांक 31/03/2019 को सम्पन्न बैठक का वृतान्त

श्री RBK प्रजापति (राष्ट्रीय अध्यक्ष) ने बैठक की अध्यक्षता की. सर्व प्रथम श्री विशाल वर्मा (प्रदेश अध्यक्ष, हरियाणा) ने सभी लोगों का मौखिक स्वागत किया.

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन करके किया गया, जिसमें श्री RBK प्रजापति (राष्ट्रीय अध्यक्ष), श्री गोवर्धन भाई चौहान (राष्ट्रीय मुख्य महासचिव), राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी बहनों सहित अन्य कई माननीय पदाधिकारी गण तथा मेहमानों ने भाग लिया.

श्री गोवर्धन भाई चौहान (राष्ट्रीय मुख्य महासचिव) ने मंच संचालन किया तथा मीटिंग का एजेंडा पढ़कर सुनाया, तदनुसार कार्यक्रम की शुरुआत हुई. श्री गोवर्धनभाई चौहान के अनुरोध पर सभी उपस्थित लोगों ने खड़े होकर दो मिनट मौन रखकर समाज के महान दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित किया.श्री गोवर्धन भाई चौहान ने पिछली मीटिंग का मिनट पढ़कर सुनाया. उनके अनुरोध पर सभी उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर सर्वसम्मति से मिनट को पारित किया.

श्री हेमन्त प्रजापति (राष्ट्रीय अतिरिक्त मुख्य महासचिव): महासंघ में गुटबाजी पनप रही है और अब इसमें 4 गुट होने जा रहा है. इसको ध्यान में रखते हुए महासंघ में चुनाव न कराया जाय, बल्कि आम सहमति से वर्तमान स्थिति को जैसा है वैसा ही रहने दिया जाय.

श्री RBK प्रजापति (राष्ट्रीय अध्यक्ष): यह आश्चर्यजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस तरह की बात हो रही है. सच तो यह है कि महासंघ में इस तरह का कोई विवाद और गुटबाजी है ही नहीं.

श्री गोविन्द भाई प्रजापति (प्रदेश अध्यक्ष, गुजरात): सब लोग गुजरात में आइये. हम लोग मिल बैठकर इसका हल निकालेंगे.

श्री भँवरलाल पॉटर (प्रदेश अध्यक्ष, राजस्थान): महासंघ में सीधे चुनाव न कराकर पदाधिकारी सर्वसम्मति से चुने जायँ.

श्री गलीराम प्रजापति (प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़): सब लोग मिलकर सर्वसम्मति से जो तय करेंगे वह मुझे मान्य होगा.

श्री सुभाष मलेठिया (पंजाब): मैं इनका समर्थन करता हूँ. दूसरा रास्ता यह है कि लाटरी सिस्टम से चुनाव कराया जाय.

श्री लूनचंद सिनावाडिया (राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष): चुनाव महासंघ के संविधान के अनुसार ही होना चाहिये, अन्यथा संविधान का कोई मतलब ही नहीं रह जायेगा. चुनाव कराना आवश्यक है, अन्यथा लोगों में गलत सन्देश जायेगा.

श्री हेमन्त प्रजापति:चुनाव अधिकारी इनका नहीं चलेगा, इनका होने पर मैं पैरेलेल संस्था चलाऊँगा.

श्री RBK प्रजापति (राष्ट्रीय अध्यक्ष): चुनाव अधिकारी की नियुक्ति संविधान के नियमों के अनुसार की गई है. यह कोर कमेटी का निर्णय है कि चुनाव होना ही चाहिये. पैरेलेल संस्था से महासंघ और अधिक मजबूत होगा. प्रतिस्पर्धा की वजह से महासंघ और अधिक प्रगति करेगा.

श्री लक्ष्मीनारायण प्रजापति (प्रयागराज): चुनाव एक संवैधानिक प्रक्रिया है. चुनाव होने से लोगों का विश्वास बढ़ता है. अतः चुनाव होना ही चाहिये.

डॉ. देवीलाल प्रजापति (कालाकोट): चुनाव एक संवैधानिक प्रक्रिया है, अतः चुनाव होना ही चाहिये. राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होती है, सिर्फ राष्ट्रीय मुख्य महासचिव के लिए प्रतिस्पर्धा होती है. अध्यक्ष पद के लिए प्रदेशों में प्रतिस्पर्धा अवश्य होती है.

श्री हेमन्त प्रजापति: महासंघ के रजिस्टर्ड ऑफिस का पता पहले मेरे घर का था, तो फिर बिना मुझसे पूछे इसे चेंज क्यों किया गया ? जब मैंने फ्री में कार्यालय दिया था तो फिर मुंबई में कार्यालय क्यों लिया गया ?

श्री RBK प्रजापति (राष्ट्रीय अध्यक्ष): आपने घर के पता को महासंघ के नाम रजिस्ट्री तो नहीं किया था. आपने महासंघ को जितना सहयोग दिया है, महासंघ ने उसका कई गुना आपको यथोचित सम्मान दिया है. मुंबई में महासंघ का कार्यालय किसी का घर नहीं है. महासंघ का खुद का कार्यालय होना ही चाहिये.

श्री हेमन्त प्रजापति: मुंबई का कार्यालय महासंघ के नाम नहीं है, तो फिर उसमें महासंघ का 25 लाख खर्च क्यों किया गया ?

श्री भैरूलाल प्रजापति (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष): मुंबई कार्यालय दानदाताओं का है. उन्होंने महासंघ को चलाने के लिए यह कार्यालय दिया हुआ है. 25 लाख में महासंघ का एक भी पैसा खर्च नहीं हुआ है.

श्री लूनचंद सिनावाडिया (मुख्य चुनाव अधिकारी) के अनुरोध पर श्री RBK प्रजापति (राष्ट्रीय अध्यक्ष) ने नये पदाधिकारियों के लिये चुनाव कराने की घोषणा की. उनहोंने आगे कहा कि तुरंत प्रभाव से सभी समितियों को भंग कर दिया जाता है लेकिन संविधान में निहित प्रावधानों के अंतर्गत महासंघ की सामान्य गतिविधियों का परिचालन जारी रहेगा. इस अवधि में कोई नीतिगत एवं आर्थिक फैसला नहीं लिया जायेगा.

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संविधान के प्रावधानों के अनुसार बैंकों में महासंघ के खातों का सभी तरह का परिचालन चुनाव के बाद नई कार्यकारिणी के गठन होने तक स्थगित रहेगा. चुनाव प्रक्रिया का संचालन मुख्य चुनाव अधिकारी की देख रेख में सम्पन्न होगा.

श्री भूपेन्द्र गंगवा (अध्यक्ष, माटीकला बोर्ड हरियाणा): महासंघ की वजह से ही मैंप्रदेश में माटीकला बोर्ड का अध्यक्षबन पाया हूँ.

श्री विशाल वर्मा (प्रदेश अध्यक्ष, हरियाणा) ने सबका आभार प्रकट किया.

श्री RBK प्रजापति (राष्ट्रीय अध्यक्ष)ने बैठक समाप्ति की घोषणा की.

सभी लोगों ने खड़े होकर राष्ट्र गान गाया.

मीटिंग सौहार्दपूर्ण वातावरण में सपन्न हुई.

विजय प्रकाश प्रजापति	प्रजापति गोवर्धन भाई चौहान
राष्ट्रीय संगठन सचिव	राष्ट्रीय मुख्य महासचिव
मोब. नं. 9869251214	मोब. नं. 9892117959